>

Title: Need to set up Kendriya Vidyalayas, Navodaya Vidyalayas and Kasturba Gandhi Balika Vidyalayas in Ahmedabad, Patan and Mehasana districts of Gujarat.

डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम): मैं आपके माध्यम से माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री महोदय जी से अनुरोध करता हूं कि गुजरात के अहमदाबाद, पाटन और मेहसाना जिलों में नये शैक्षणिक सत्र से केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को प्रारंभ करने की उचित व्यवस्था करें ताकि इन जिलों में बच्चों को अच्छी और सुलभ शिक्षा दे सके। इन जिलों में आज भी स्कूलों का अभाव है। आदिवासी बाहुल्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्गों के जिलों वाली आबादी में युवाओं को उच्च शिक्षा के अवसर प्राप्त नहीं होते हैं तथा उच्च शिक्षा का खर्च वहन करना उनके लिए कठिन है। माननीय मंत्री महोदय जी 2011 के शैक्षणिक सत्र के पिछड़े जिलों में मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं तथा केन्द्रीय सहायता के जरिए ऐसे विद्यालयों को शुरू करने हेतु सकारात्मक कदम उठायें, जिससे बच्चों का समग्र विकास हो तथा एक उज्जवल भारत का सपना साकार हो सके।